आसान सुझाव

Hindi | हिन्दी

Food Organics Garden Organics

अपनी किचन कैड्डी (kitchen caddy) को सीधी धूप से दूर रखें।

अपनी किचन कैड्डी को नियमित रूप से साबुन के पानी से धोएं।

आपको बिन लाइनर का उपयोग करने की आवश्यकता नहीं है।



अपनी कैड्डी को सूखा और दुर्गंधमुक्त रखने के लिए उसके तल पर बाई-कार्ब सोडा छिड़कें।

अपनी कैड्डी को खाली करने की योजना बनाने से ठीक पहले तक बचे-खुचे दुर्गंधयुक्त भोजन को फ्रिज में रखें या फ्रीज़ करें।

कृपया संपर्क करें

fogo@canadabay.nsw.gov.au
(02) 9121 0219

FOGO के बारे में विस्तार से जानिए

यह क्या है?

फ़ूड ऑर्गेनिक्स एंड गार्डन ऑर्गेनिक्स (एफओजीओ) [Food Organics and Garden Organics (FOGO)] एक अपशिष्ट सेवा है, जो भोजन और बगीचे के कचरे को एक साथ एकत्र करती है।

हम FOGO सेवा पेश क्यों कर रहे हैं?

1. **NSW EPA ने यह अनिवार्य बनाया है कि परिषदें 2030 तक सभी घरों को FOGO सेवा प्रदान करें।**

   परिषद सभी के लिए सुचारू परिवर्तन सुनिश्चित करने के लिए एक उपयुक्त शहर-व्यापी रोलआउट योजना बनाने के लिए छोटे पैमाने पर सेवा का परीक्षण करने की इच्छुक है।

2. **कनाडा बे के सामान्य कचरे का 34% भोजन अपशिष्ट होता है।**

   भोजन अपशिष्ट को FOGO बिन में डालने के माध्यम से लैंडफिलों से जैविक कचरे को हटाया जा सकता है, जिससे ग्रीनहाउस गैस उत्सर्जन कम हो सकते हैं।

FOGO कचरे का क्या होता है?

आपके FOGO कचरे को खाद में संसाधित किया जाता है, और अंतिम उत्पाद को बेचे जाने से पहले उसकी गुणवत्ता का परीक्षण किया जाता है।

FOGO कैसे काम करता है?

1. एक प्रमाणित कंपोस्टेबल बिन लाइनर के साथ अपनी किचन कैड्डी को लाइन करें।

2. अपने भोजन के कचरे को किचन कैड्डी में अलग करें।

3. अपनी बिल्डिंग के आधार पर अपने भोजन अपशिष्ट का निपटान (हरेक 2-3 दिनों में) निम्नलिखित तरीके से करें:

बड़े हरे-ढक्कन वाले व्हीली बिन में।

आपके लेवल (मंजिल) पर स्थित छोटे FOGO बिन में।

4. फिर से उपयोग करने के लिए अपनी किचन कैड्डी को पानी से धोएं और लाइन लगाएँ।

5. परिषद के अपशिष्ट ठेकेदारों द्वारा FOGO कचरे के बिन साप्ताहिक रूप से एकत्रित किए जाते हैं।

6. क्या लाइनर समाप्त हो गए हैं? अपने बिल्डिंग मैनेजर से पूछें कि क्या उनके पास वितरित करने के लिए कुछ लाइनर बचे हैं या और लाइनरों का निवेदन करने के लिए नीचे दिए गए क्यूआर (QR) कोड को स्कैन करें।